कार्यालय पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस नोट

दिनांक- 05-09-2024

विषय:- **सुगम यातायात के क्रम में यातायात पुलिस को मिली क्रेन, थानों को दिये गये व्हील क्लैंप नो पार्किंग व यातायात में बाधक बनने वाले वाहनो पर होगी कार्यवाही।**

- **सड़क पर अवैध पार्किंग व यातायात बाधा उत्पन्न करने वाले वाहनों क्रेन से उठाने की होगी कार्यवाही।**
- **गाड़ियों के पहियो में व्हील क्लैंप लगाने की कार्यवाही भी की जायेगी।**
- **यातायात नियमों के प्रति अनुशासन व जागरूकता बढ़ाने में होगा सहायक।**
- **यातायात में बाधक 20 वाहनों को क्रेन से किया गया लिफ्ट किया गया, 15 वाहनों में लगाये गये व्हील क्लैंप।**

आज दिनांक 05.09.2024 को पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल द्वारा वाराणसी शहर में सुगम यातायात के दृष्टिगत चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मुख्य मार्गों व नो पार्किंग में वाहन खड़ा कर यातायात में बाधा उत्पन्न करने वाले चार पहिया वाहनों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही हेतु यातायात पुलिस को क्रेन व यातायात पुलिस सहित प्रत्येक थानों को व्हील क्लैंप उपलब्ध कराया गया है। यातायात में बाधा बन रहे वाहनों को क्रेन के जरिये लिफ्ट किया जायेगा व व्हील क्लैंप का प्रयोग कर ऐसे वाहन स्वामी से यातायात नियमों के उल्लघंन करने सम्बन्धित जुर्माने के साथ क्रेन से वाहन को लिफ्ट किये जाने का खर्च भी लिया जायेगा।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस आयुक्त,
वाराणसी।